**श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
**(केंद्रीय विश्वविद्यालय)**
**बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016**

## बैठक के कार्यवृत्त

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी) समिति की दिनांक 04.10.2023 (बुधवार) को प्रातः 11:30 बजे विश्वविद्यालय के वाचस्पति सभागार में आयोजित बैठक के कार्यवृत

निम्नलिखित सम्मानित सदस्य एवं अधिकारी सम्मिलित हुए :-

1. प्रो. मुरली मनोहर पाठक, माननीय कुलपति महोदय
2. प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ आचार्य, शोध विभाग
3. प्रो. ब्रह्म प्रकाश भारद्वाज, शिक्षा अनुसंधान विभाग (NCERT)
4. प्रो. प्रेम कुमार शर्मा, कुलसचिव (i/c)
5. डॉ. सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, वित्ताधिकारी
6. डॉ. तारकेश्वर नाथ गिरी, परीक्षा नियंत्रक
7. प्रो. जयकांत सिंह शर्मा, पीठाध्यक्ष, वेद वेदांग
8. प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल, पीठाध्यक्ष, साहित्य संस्कृति
9. प्रो. मीनू कश्यप, पीठाध्यक्ष, आधुनिक विद्या
10. प्रो. सदन सिंह, पीठाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र
11. प्रो. ए.एस. आरावमुदन, पीठाध्यक्ष, दर्शन
12. प्रो. यशवीर सिंह, पीठाध्यक्ष, छात्र कल्याण
13. डॉ. रामचन्द्र शर्मा, आचार्य, न्याय विभाग
14. डॉ. एस. सुदर्शन, आचार्य, विशिष्टाद्वैतवेदान्त विभाग
15. डॉ. अभिषेक तिवारी, आधुनिक ज्ञान विभाग
16. डॉ. चंचल कुमारी, पूर्व शोध छात्रा
17. श्री राजेश कुमार, सहायक कुलसचिव (विकास)
18. प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी, निदेशक (आई.क्यू.ए.सी)

श्री आलोक कुमार, श्री विशाल मलिक तथा श्री ब्रिजेश पाठक किन्ही कारणवश बैठक में सम्मलित नहीं हो सके।

निदेशक-आई.क्यू.ए.सी ने समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात, प्रो. जयकांत सिंह शर्मा द्वारा मंगलाचरण के उपरांत बैठक की कार्यवाही आरंभ की गई।

प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी, निदेशक-आई.क्यू.ए.सी ने समिति में उपस्थित सभी बाह्य एवं आंतरिक सम्मानित सदस्यों का अभिनंदन किया । सभी सदस्यों को विश्वविद्यालय की NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद) द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता की ग्रेडिंग प्राप्त करने हेतु मूल्यांकन और मान्यता की प्रक्रिया में सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुरोध किया, जिससे विश्वविद्यालय को उन्नति के मार्ग पर ले जाया जा सके। कुलपति महोदय की स्वीकृति के उपरांत निदेशक द्वारा समिति में कार्यसूची को क्रमानुसार प्रस्तुत किया गया।

राजेश कुमार
सहायक कुलसचिव (विकास)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

कार्यसूची संख्या-1: दिनांक 5 अगस्त 2022 को आयोजित आई.क्यू.ए.सी बैठक का कार्यवृत्त विचारार्थ व अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

दिनांक 5 अगस्त 2022 को सम्पन्न हुई आई.क्यू.ए.सी की बैठक में लिए गए निर्णयों की पुष्टि की गई।

कार्यसूची संख्या-2: दिनांक 05 अगस्त 2022 को आयोजित बैठक में पूर्व IQAC की बैठक दिनांक 24.09.21 की कार्यवाही पर विचारार्थ व अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

दिनांक 5 अगस्त 2022 को सम्पन्न हुई आई.क्यू.ए.सी की बैठक में लिए गए निर्णयों पर क्रियान्वयन के विषय पर समिति द्वारा पुष्टि की गई, साथ ही समिति द्वारा अपेक्षित निर्णय लिये गये कि जिन विषयों पर कार्यवाही अभी तक अपेक्षित है वे सभी विभाग/समिति/इकाइयाँ यथाशीघ्र कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस सम्बन्ध में समिति द्वारा निम्न निर्णय भी लिए गए-

- स्वामिनारायण पीठ से सम्बन्धित पत्रिका की वर्तमान स्थिति के विवरण से प्रो. ए.एस. आरावमुदन को अवगत कराया जाए।
- पूर्व छात्र संघ (Alumni) को व्यवस्थित ढंग से कार्यान्वय हेतु आवश्यक संसाधनों से युक्त प्रकोष्ठ आवंटन की प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित विभाग द्वारा शीघ्रातिशीघ्र कार्यालय आदेश प्रेषित किये जाने का निर्देश भी दिया गया।
- अध्यापकों के प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के प्रस्ताव पर पुनः विचार एवं अनुमोदन हेतु सम्बंधित विभाग को निर्देश दिए गए।

## कार्यसूची संख्या-3: वर्ष 2021-22 के AQAR की प्रस्तुति के सम्बन्ध में।

वर्ष 2021-22 की वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (AQAR) समय पर प्रस्तुत करने पर सभी समिति के सदस्यों ने प्रशंसा एवं सराहना की। समिति द्वारा यह सुझाया गया कि वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (AQAR) को पोर्टल पर जमा करने से पहले समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है भविष्य में ध्यान रखें। परामर्श (Consultancy) एवं नियुक्ति (Placement Cell) से सम्बन्धित जानकारी को AQAR 2022-23 में आवश्यक रूप से दिये जाने पर भी निर्णय लिया गया। अतः संबंधित विभाग/इकाइयों को त्वरित कार्यवाही करने के आदेश दिये जाएँ।

समिति द्वारा 2021-22 की वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट की प्रस्तुति की पुष्टि की गई।

## कार्यसूची संख्या-4: वर्ष 2022-23 के AQAR की स्थिति पर चर्चा के सम्बन्ध में।

वर्ष 2022-23 की वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (AQAR) के सन्दर्भ में समिति के विभिन्न सदस्यों द्वारा सुझाव दिये गये कि प्लेसमेन्ट से सम्बन्धित जानकारी को विभिन्न विधियों से संग्रहीत किया जाये। परामर्श केन्द्र को माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से कार्यान्वित किया जाये। इसी क्रम में समिति सदस्य, परीक्षा नियंत्रक ने सुझाव दिया कि छात्र सत्यापन डाटा परीक्षा से एकत्र कर प्लेसमेंट सेल में संग्रहीत किया जाये। समिति द्वारा यह सुझाव भी दिया गया कि नियुक्ति प्रकोष्ठ (Placements Cell) के संयोजक द्वारा बैठक आयोजित कराई जाए। सामग्री संकलन हेतु परीक्षा विभाग से सम्पर्क किया जाए। माननीय कुलपति महोदय द्वारा वर्ष 2022-23 की वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट को नैक पोर्टल पर अपलोड करने से पूर्व कुलपति महोदय, कुलसचिव, वित्ताधिकारी, परीक्षा नियंत्रक आदि वरिष्ठ अधिकारियों को पृथक-पृथक या समिति में प्रस्तुत किया जाए।

राजेश कुमार
सहायक कुलसचिव (विकास)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

**कार्यसूची संख्या-5: तीसरे चरण के SSR की प्रस्तुतिकरण की स्थिति पर चर्चा के सम्बन्ध में।**

समिति द्वारा स्वय अध्ययन प्रतिवेदन (SSR) के विषय पर सुझाया गया कि SSR के आवश्यक बिन्दुओं पर विचार-विमर्श अपेक्षित है। नैक मापदण्डों को पूर्ण करने हेतु प्रत्येक मापदण्ड समिति की बैठक आयोजित की जाये ताकि डाटा संकलित कर विमर्श किया जा सके। समिति द्वारा अब तक जितने मापदण्डों का डाटा एकत्रित हुआ है उसकी सराहना भी की गई। समिति सदस्य, वित्ताधिकारी द्वारा यह सुझाव दिया गया कि भारतीय भाषा समिति द्वारा कराई जाने वाली अकादमिक गतिविधियों (आंतरिक एवं बाहरी) को भी लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के स्व अध्ययन रिपोर्ट SSR में संकलित किया जाए।

**कार्यसूची संख्या-6: छात्र सर्वेक्षण और फीडबैक विशलेषण (SSS) की चर्चा के सम्बन्ध में।**

छात्र सर्वेक्षण फीडबैक और विश्लेषण (SSS) को समिति द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। समिति द्वारा यह सुझाव दिया गया कि फीडबैक डाटा को फिर से विद्या परिषद में चर्चा हेतु प्रस्तुत किया जाना चाहिए, ताकि यथाविधि कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

**कार्यसूची संख्या-7: गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए संस्थागत सूचना (IIQA) की पुनः प्रस्तुति पर चर्चा हेतु प्रस्तुत।**

गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए संस्थागत सूचना (IIQA) की पुनः प्रस्तुति के सम्बन्ध में समिति द्वारा सुझाया गया कि वर्ष 2015-16 से 2019-20 तक पांच वर्ष की अवधि, निश्चित थी किन्तु कोरोना महामारी के कारण इसमें NAAC परीक्षण नहीं हो पाया, इस कारण अब यह परीक्षण काल की पांच वर्ष की अवधि 2022-23 तक ग्रहण की जाए। एतदर्थ 2018-19 से 2022-23 तक का समय ग्रहण करने के सम्बन्ध में पूर्व में शुल्क जमा हुआ था। अतः इस सम्बंध में नैक को सूचित कर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।

**कार्यसूची संख्या-8: केन्द्रीय डेटा भंडार प्रणाली (Central Data Storage System) प्रणाली स्थापित करने के सन्दर्भ में।**

केन्द्रीय डाटा भण्डार प्रणाली के विषय पर समिति द्वारा गहन विचार किया गया। समिति सदस्य प्रो. मीनू कश्यप द्वारा सुझाया गया कि वे सबंधित कार्य हेतु सोफ्टवेयर के विषय में एन. आई. सी. से जानकारी लेकर IQAC निदेशक को 2 दिनों में अवगत करायेंगी। प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय द्वारा सुझाया गया कि केन्द्रीय डाटा भण्डार प्रणाली को विश्वविद्यालय में क्रियान्वित करने से पूर्व अन्य संस्थाओं के साथ वार्ता की जानी चाहिए। जिनमें से केन्द्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली, इन्दिरा गाँधी मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली तथा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति मुख्य हैं। इन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के साथ वार्ता कर सुझाव अर्जित किए जाएँ। इस कार्य का दायित्व सर्व सम्मति से निदेशक, आई.क्यू.ए.सी को सौंपा गया है।

सभी समिति सदस्यों को निदेशक, आई.क्यू.ए.सी द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया कि नैक दिशानिर्देशों के अनुसार आईक्यूएसी समिति हर तीन माह में बैठक करेगी।

बैठक समाप्ति पर आईक्यूएसी निदेशक द्वारा माननीय कुलपति महोदय एवं सम्मलित सभी सदस्यों को धन्यवाद प्रदान करते हुए सभी सहयोगी कर्मचारियों के कार्य की भी सराहना की गई।

राजेश कुमार
सहायक कुलसचिव (विकास)
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

(प्रो. शिवप्रसाद त्रिपाठी)
निदेशक, सदस्य सचिव

(प्रो. मुरली मनोहर पाठक)
कुलपति/अध्यक्ष

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016